**Apex Institute of Medical Science & Hospital** is with **Apex Institute of Ayurvedic Medicine & Hospital** and **Om Yati**.

April 30 at 4:25 PM · 🌐

एपेक्स आयुर्वेदिक हॉस्पिटल में आयुष मंत्रालय के निर्देशानुसार तंबाकू निषेध केंद्र (TCC) का शुभारंभ🚭

एपेक्स इंस्टिट्यूट ऑफ आयुर्वेदिक मेडिसन एंड हॉस्पिटल, चुनार, मिर्जापुर में राष्ट्रीय आयुर्वेद आयोग (एनसीआईएसएम) के निर्देशानुसार तंबाकू निषेध केंद्र (Tobacco Cessation Center - TCC)❌ का शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि विशाल कुमार, मुख्य विकास अधिकारी (IAS) मिर्जापुर, डॉ. राजेश कुमार यादव व सतीश शंकर, जिला समन्वयक, तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम, मिर्जापुर, एपेक्स के ट्रस्टी व वरिष्ठ अस्थि व स्पाइन रोग विशेषज्ञ प्रो. डॉ. एस.के. सिंह, डीन प्रो. डॉ. सुनील मिस्त्री, आयुर्वेद उप-प्राचार्य प्रो. डॉ. पी.के. राय, पंचकर्म प्रो भावना द्विवेदी, शल्य तंत्र प्रो अभिषेक पाठक व डॉ निलेश दुबे, स्त्री व प्रसूति प्रो वर्षा पाठक, कायचिकित्सा डॉ गौरी चौहान, कौमारभृत्य डॉ यशपाल सिंह, योगा चार्य इन्द्रसेन भारत सहित समस्त फैकल्टी सदस्यों की उपस्थिति में फीता काटकर तंबाकू निषेध केंद्र का विधिवत शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर अतिथिगणों ने कहा कि तंबाकू सेवन आज के समय में एक गंभीर जनस्वास्थ्य समस्या बन चुका है, जिससे कैंसर, हृदय रोग और फेफड़ों से संबंधित कई घातक बीमारियाँ उत्पन्न होती हैं। उन्होंने ऐसे केंद्रों की स्थापना को समाज के लिए अत्यंत आवश्यक बताते हुए लोगों से तंबाकू से दूर रहने और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने का आह्वान किया।

एपेक्स के चेयरमैन ने कहा कि एपेक्स संस्थान हमेशा समाजहित के कार्यों में अग्रणी रहा है। तंबाकू निषेध केंद्र के माध्यम से न केवल लोगों को तंबाकू छोड़ने में सहायता मिलेगी, बल्कि आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए भी प्रेरित किया जाएगा। इस केंद्र के माध्यम से तंबाकू सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ तंबाकू छोड़ने के इच्छुक व्यक्तियों को परामर्श एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

🚭 तंबाकू मुक्त समाज की ओर एक मजबूत कदम
🏥 एपेक्स आयुर्वेदिक हॉस्पिटल की पहल
🌿 स्वस्थ जीवन, सुरक्षित भविष्य

#NCISM #TobaccoFreeIndia 🚭
#SayNoToTobacco ❌🚬
#HealthAwareness 🏥
#AyurvedaForLife 🌿
#HealthyLifestyle 💪
#PublicHealthInitiative 📢
#MirzapurNews 📰
#ApexAyurvedic 🏥
#WellnessJourney 🌱
#QuitTobacco 💯




खुलकर सांस लें, बेहतर जीवन जिएं
तंबाकू निषेध केंद्र
TOBACCO CESSATION CENTRE
आप छोड़ सकते हैं, हम मदद करेंगे


GPS Map Camera
Samaspur, Uttar Pradesh, India
4v22+9c3, Samaspur, Uttar Pradesh 231304, India
Lat 25.100918° Long 82.851382°
Thursday, 30/04/2026 01:40 PM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Samaspur, Uttar Pradesh, India
4v22+9c3, Samaspur, Uttar Pradesh 231304, India
Lat 25.100906° Long 82.851396°
Thursday, 30/04/2026 01:40 PM GMT +05:30
Google

अमर उजाला

**Mirzapur**

**01-05-2026**

# एपेक्स आयुर्वेदिक हॉस्पिटल में तंबाकू निषेध केंद्र का शुभारंभ




**मिर्जापुर (वि)।** चुनार स्थित एपेक्स इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेदिक मेडिसन एंड हॉस्पिटल में राष्ट्रीय आयुर्वेद आयोग (एनसीआईएसएम) के निर्देशानुसार तंबाकू निषेध केंद्र (टीसीसी) का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि विशाल कुमार, मुख्य विकास अधिकारी मिर्जापुर, डॉ. राजेश कुमार यादव व सतीश शंकर, जिला समन्वयक तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम, मिर्जापुर की उपस्थिति में फीता काटकर केंद्र का उद्घाटन हुआ। इस अवसर पर एपेक्स के ट्रस्टी व वरिष्ठ अस्थि व स्पाइन रोग विशेषज्ञ प्रो. डॉ. एसके सिंह, डीन प्रो. डॉ. सुनील मिस्त्री, प्रो. डॉ. पीके राय, प्रो. भावना द्विवेदी, प्रो. अभिषेक पाठक, डॉ. निलेश दुबे, प्रो. वर्षा पाठक, डॉ. गौरी चौहान, डॉ. यशपाल सिंह और योगाचार्य इन्द्रसेन भारत सहित सभी फैकल्टी सदस्य मौजूद रहे। अतिथियों ने तंबाकू को गंभीर जनस्वास्थ्य समस्या बताते हुए इससे दूरी बनाने की अपील की। चेयरमैन ने कहा कि केंद्र के माध्यम से लोगों को तंबाकू छोड़ने और आयुर्वेदिक जीवनशैली अपनाने में मदद मिलेगी।

# तंबाकू मुक्त समाज की ओर बड़ा कदम: एपेक्स आयुर्वेदिक हॉस्पिटल में तंबाकू निषेध केंद्र का शुभारंभ

मिर्जापुर। आयुष मंत्रालय के निदेर्शानुसार जनस्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए चुनार स्थित एपेक्स इंस्टिट्यूट ऑफ आयुर्वेदिक मेडिसन एंड हॉस्पिटल में तंबाकू निषेध केंद्र (टीसीसी) का विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी (क्अर) विशाल कुमार सहित अन्य विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में फीता काटकर किया गया।इस अवसर पर राष्ट्रीय आयुर्वेद आयोग (एनसीआईएसएम) के दिशा-निदेर्शों के तहत स्थापित इस केंद्र को जनजागरूकता और उपचार का प्रभावी माध्यम बताया गया। कार्यक्रम में प्रो. डॉ. एस.के. सिंह, प्रो. डॉ. सुनील मिस्त्री, प्रो. डॉ. पी.के. राय, प्रो. भावना द्विवेदी, प्रो. अभिषेक पाठक, डॉ. वर्षा पाठक, डॉ. गौरी चौहान, डॉ. यशपाल सिंह और योगाचार्य इन्द्रसेन भारत सहित कई विशेषज्ञ चिकित्सक व फैकल्टी सदस्य मौजूद रहे।अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि तंबाकू सेवन आज गंभीर जनस्वास्थ्य समस्या बन चुका है, जिससे कैंसर, हृदय रोग और फेफड़ों से जुड़ी घातक बीमारियों का खतरा लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने ऐसे केंद्रों की स्थापना को समय की आवश्यकता बताते हुए लोगों से तंबाकू से दूर रहने और समाज में जागरूकता फैलाने की अपील की।संस्थान के चेयरमैन ने बताया कि यह केंद्र तंबाकू छोड़ने के इच्छुक लोगों को परामर्श, उपचार और आयुर्वेदिक पद्धति के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने में मदद करेगा। साथ ही तंबाकू के दुष्प्रभावों के प्रति व्यापक जनजागरूकता अभियान भी चलाया जाएगा।



# एपेक्स आयुर्वेदिक हॉस्पिटल में तंबाकू निषेध केंद्र का शुभारंभ

## आयुष के निर्देश पर बड़ा कदम, अब तंबाकू छोड़ना होगा आसान

जगप्रकाश संवाददाता

मिर्जापुर। जिले के चुनार स्थित एपेक्स इंस्टिटयूट ऑफ आयुर्वेदिक मेडिसिन एंड हॉस्पिटल में जनस्वास्थ्य को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। आयुष मंत्रालय और राष्ट्रीय आयुर्वेद आयोग के निर्देशानुसार यहां तंबाकू निषेध केंद्र (ज्ब्ब्) का विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन मुख्य अतिथि विशाल कुमार, जिला समन्वयक सतीश शंकर यादव और संस्थान के वरिष्ठ विशेषज्ञों की उपस्थिति में फीता काटकर किया गया। इस मौके पर चिकित्सा विशेषज्ञों और प्रशासनिक अधिकारियों ने एक स्वर में कहा कि तंबाकू आज समाज के लिए "साइलेंट किलर" बन चुका है, जो कैंसर, हृदय रोग और फेफड़ों की गंभीर बीमारियों को जन्म देता है।कार्यक्रम में मौजूद विशेषज्ञों ने बताया कि यह केंद्र केवल इलाज तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि लोगों को तंबाकू छोड़ने के लिए परामर्श, आयुर्वेदिक उपचार और जीवनशैली सुधार की पूरी सुविधा देगा। संस्थान के ट्रस्टी प्रो. डॉ. एस.के. सिंह ने कहा कि एपेक्स हमेशा समाजहित में आगे रहा है और यह पहल उसी दिशा में एक मजबूत कदम है। तंबाकू निषेध केंद्र के जरिए अब मिर्जापुर और आसपास के लोगों को जागरूकता, उपचार और परामर्श एक ही छत के नीचे मिलेगा। यह पहल न सिर्फ स्वास्थ्य सुधार की दिशा में अहम साबित होगी, बल्कि समाज को नशामुक्त बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

